दिनांकः 21.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने केन्द्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को अपना प्रत्याशी घोषित किया–कांग्रेस नहीं उतारेगी कोई उम्मीदवार।
- मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और संशोधन कराने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू–बीएलओ कर रहे हैं घर–घर सर्वे।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने मंकीपॉक्स वायरस के संदिग्ध मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।
- प्रदेश में पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में बरसात–आज भी कई स्थानों पर बारिश का अलर्ट।

.............................................................................

प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से उम्मीदवार बनाया गया है। श्री बिट्टू आज जयपुर में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन है। इससे पहले, कल जयपुर पहुंचने पर उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए राजस्थान से उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार नहीं उतारने की स्थिति में रवनीत सिंह बिट्टू का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

.............................................................................

राज्य में मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने, संशोधन कराने और विसंगतियां दूर करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ घर–घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। ये सर्वे का काम विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–एसएसआर 2025 के तहत कल से शुरू हुआ। यह अभियान 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल आयोग के अधिकारियों के साथ विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की। इस दौरान आयोग ने एसएसआर कार्यक्रम की तैयारियों के बारे विस्तार से जानकारी दी। श्री महाजन ने 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं से वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से अपने नाम मतदाता के रूप में दर्ज कराने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी चुनावों को लेकर युवाओं, महिलाओं, विशेष योग्यजन और थर्ड जेंडर की सुविधा के लिए अभियान की अवधि में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

.............................................................................

सुप्रीम कोर्ट की ओर से हाल ही में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण के संबंध में आए फैसले को लेकर विभिन्न संगठनों की ओर से घोषित बंद को देखते हुए राज्य में प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। राज्य सरकार ने सभी जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। अधिकांश जिलों में कलेक्टर ने स्कूल, कोचिंग संस्थान, लाइब्रेरी और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शहर में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री जोसफ ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। किसी तरह की भ्रामक बातें करने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सरकारी, सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बंद को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

...............................................................

विभिन्न जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों ने बंद के दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इसी कड़ी में बाड़मेर जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने बताया कि शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में क्षेत्रवार मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

...............................................................

कुछ जिलों में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। भरतपुर में संभागीय आयुक्त ने नेटबंदी के आदेश दिये हैं। वहीं प्रदेश में रोडवेज प्रबंधन ने बस संचालन में सावधानी बरतने को कहा है। बीकानेर के गंगासिंह विश्वविद्यालय की स्नातक की दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इसके अलावा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की आज होने वाले सत्रांत परीक्षाएं भी स्थगित की गई हैं।

...............................................................

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स ने मंकीपॉक्स वायरस के संदिग्ध मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं। एम्स ने कहा है कि मंकीपॉक्स से पीडित लोगों से संपर्क में आ चुके लोगों की पहचान करने और ऐसे मामलों से निपटने के तत्काल उपाय किए जाएंगे। एम्स की ओर से सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे मंकीपॉक्स के संदिग्ध रोगियों की सारी जानकारी एकीकृत निगरानी कार्यक्रम के तहत अधिकारियों को तुरंत दें और ऐसे मरीजों को अलग रखने का इंतजाम करें। एम्स ने अपने यहां मंकीपॉक्स के रोगियों के लिए पांच बिस्तर आरक्षित किए हैं। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन– डब्ल्यूएचओ ने मंकी पॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। इसके बाद एम्स ने ये दिशा–निर्देश जारी किए हैं। मंकीपॉक्स जानवरों से मनुष्य में फैलने वाला एक वायरस है जिसके लक्षण चेचक के रोगियों में पाए जाने वाले लक्षणों के समान होते हैं।

...............................................................

प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत कल जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के बाहर फूड वेंडर्स के यहां निरीक्षण कार्यवाही की गई। चिकित्सा शिक्षा विभाग, एसएमएस अस्पताल प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा नगर निगम ग्रेटर की विजिलेंस टीम ने ये कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि इस दौरान फूड वेंडर्स के लाइसेंस चैक किए गए, जिसमें गंभीर अनियमितताएं मिलीं। कार्रवाई के दौरान एक जूस की दुकान पर सड़े हुए फलों का रस बनाया जा रहा था। इसके अलावा नगर निगम की टीम ने सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों का सामान जब्त कर चालान काटे।

...............................................................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में बरसात हुई। जयपुर में कल दोपहर बाद मूसलाधार बारिश से कई स्थानों पर पानी भर गया। अलवर और धौलपुर में भी भारी बारिश दर्ज की गई। दौसा में करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश से कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। झालावाड, कोटा और बारां में भी अच्छी बरसात हुई। भरतपुर में कल से शुरू हुआ बरसात का दौर आज भी जारी है। कल डेढ घंटे तक हुई तेज बरसात के कारण यातायात बाधित रहा। मौसम विभाग ने आज जयपुर, सीकर, अलवर और झुंझुनूं में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है।

...............................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक भेजे जा सकेंगे।

...............................................................